केन्द्रीय विद्यालय, एनटीपीसी अंता एजीपीपी
Kendriya Vidyalaya, NTPC ANTA AGPP
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) / (Under Ministry of Education, Govt. of India)
एनटीपीसी कैंपस, अंता / NTPC Campus, Anta - 325209
जिला - बारां (राज.) / Distt.- Baran (Raj.)
सीबीएसई पंजीकरण सं./**CBSE Aff. No.: 1700041,** विद्यालय सं./**School No.: 14141**
☎: **(07457) 246225,** फैक्स नं: / **Fax No.: 246125**
ई–मेल / E-mail: kvantaagpp@gmail.com
वेबसाइट / Website: http://agppanta.kvs.ac.in
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

पत्रांक.84/केविअंता/1598//2024-25/ दिनांक: 29/10/2024

नीलामी सूचना

सभी को यह सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय के कंप्यूटर, खेल विभाग, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान, सीएमपी, SUPW,संगीत, फर्नीचर,लाइब्रेरी विभागों का सामान जो अनुपयोगी घोषित है, जहाँ और जैसी स्थिति में सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से **दिनांक 07.11.2024 को दोपहर 01:00 बजे** विद्यालय परिसर में बेचा जाना प्रस्तावित है। अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म विद्यालय परिसर में नीलामी के लिए रखी गई वस्तुओं का निरीक्षण **दिनांक 07.11.2024** को **प्रातः 11:30 से 12:30 अपराह्न** तक कर सकते हैं एवं नीलामी की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो सकते हैं। सफल बोलीदाताओं को कार्यालय में बोली राशि तुरंत जमा करनी होगी और विद्यालय परिसर से निस्तारित सामान को तुरंत अपनी लागत पर उठाना होगा। केंद्रीय विद्यालय संगठन के किसी भी कर्मचारी या उनके परिवार के सदस्यों को इस नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

नीलामी के लिए नियम और शर्ते :-

1. कंप्यूटर विभाग के सामानों की बोली लगाने वाले व्यक्ति/फर्म के पास E-Waste खरीद हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय /केन्द्रीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड/राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण समिति (RPCC) से जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र होना आवश्यक हैं (पंजीकरण दस्तावेज नीलामी से पूर्व कार्यालय में जमा करवाने होंगें |
2. बोली लगाने वाले को बोली में भाग लेने से पहले ₹1000 की धरोहर राशि जमा करानी होगी जो नीलामी के बाद असफल बोली दाताओं को वापस कर दी जाएगी।
3. बोलीदाता को अपने व्यक्तिगत पहचान / फर्म का पहचान पत्र लाना होगा।
4. समिति द्वारा स्वीकार्य उच्चतम बोली की राशि को मौके पर ही जमा करना होगा, जिसमें धरोहर / सुरक्षा राशि समायोजित कर दी जाएगी। नीलामी की गयी सामग्री बोलीदाता द्वारा भुगतान करने के तुरंत बाद खुद के खर्चे पर उठानी होगी। स्वीकृति के समय बोलीं कि 100% राशि जमा कराने में विफलता के मामले में उच्चतम बोली लगाने वाले द्वारा जमा की गई धरोहर राशि को जब्त कर लिया जाएगा।
5. NTPC अथॉरिटी के सुरक्षा नियमों का पालन करना होगा।
6. अन्य नियम और शर्ते यदि कोई है, समिति द्वारा नीलामी प्रारंभ होने से पहले ही घोषित कर दी जाएगी।
7. समिति बिना किसी कारण बताए, किसी भी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

प्राचार्य
के.वि. एनटीपीसी अंता
प्राचार्य / Principal
केन्द्रीय विद्यालय/Kendriya Vidyalaya
एन.टी.पी.सी. अन्ता(बारां)/N.T.P.C. Anta (Baran)
(राजस्थान) / Rajasthan-325209

वितरण:-
1. अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति
2. समस्त केन्द्रीय विद्यालय , जयपुर संभाग
3. विद्यालय सूचना पट्ट
4. विद्यालय वेबसाइट
5. NTPC सूचना पट्ट